आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 21.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सौंग बांध पेयजल परियोजना और जमरानी बांध परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- उत्तराखण्ड भाषा संस्थान ने राज्य की साहित्यिक और भाषाई विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से तीन नई शोध परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्मों का प्रदर्शन जारी है।
- उत्तराखंड परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही दिल्ली–देहरादून रूट पर 100 नई बसों का संचालन शुरू करेगा।
- वायुसेना के बहुउद्देशीय विमान एएन–32 ने चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर सफलतापूर्वक लैंडिंग और टेकऑफ का अभ्यास किया।

सौंग बांध पेयजल परियोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सौंग बांध पेयजल परियोजना पर काम शुरू करने के लिए विस्थापन की कार्यवाही जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने जमरानी बांध परियोजना के कार्यों में भी तेजी लाने को कहा है। इस अवसर पर श्री धामी ने विस्थापित होने वाले प्रभावित परिवारों को उनकी सहमति के आधार पर जल्द भूमि उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों से बातचीत कर सहमति के आधार पर यदि सामुदायिक भवन, मंदिर, सड़क और अन्य कोई निर्माण करने की आवश्यकता हो तो वह भी किया जाए।

गौरतलब है कि सौंग बांध पेयजल परियोजना से देहरादून शहर की करीब 11 लाख आबादी को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति होगी। जिससे भूजल स्तर में भी सुधार होगा। बांध के निचले हिस्से में स्थित 10 गांवों की करीब 15 हजार आबादी भी बाढ़ से सुरक्षित रहेगी।

उत्तराखण्ड भाषा संस्थान

उत्तराखण्ड भाषा संस्थान ने राज्य की साहित्यिक और भाषाई विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से तीन नई शोध परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इन परियोजनाओं को भाषा विभाग के मंत्री सुबोध उनियाल के अनुमोदन के बाद प्रारंभ किया गया है। यह प्रयास राज्य के साहित्य और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

श्री उनियाल ने बताया कि कुमाउंनी, गढ़वाली समेत अन्य बोली–भाषाओं को संरक्षित करने की ठोस योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड के मूर्धन्य साहित्यकार पंडित गोविन्द बल्लभ पंत ने हिन्दी साहित्य को अद्वितीय योगदान दिया है। उनकी रचित ऐतिहासिक, पौराणिक और साहित्यिक कृतियों का समग्र संग्रह तैयार करने की योजना बनाई गई है। यह पहल उनके साहित्यिक योगदान को सहेजने और इसे व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

गोवा में आयोजित 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्मों के प्रदर्शन और कार्यक्रम जारी हैं। आज विभिन्न विधाओं की चालीस से अधिक फिल्में दिखाई जा रही हैं, जिनमें भारतीय सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ फिल्में शामिल हैं। भारतीय पैनोरमा खंड आधिकारिक तौर पर अपने उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गया है, जिसमें चयनित 25 फीचर और 20 गैर–फीचर फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियां संगोष्ठियों और परिचर्चाओं के माध्यम से दर्शकों से जुड रही हैं। इसके साथ ही, फिल्म बाजार का 18वां संस्करण भी गतिविधियों से भरपूर है, जो महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं और फिल्म उद्योग के पेशेवरों के बीच सम्पर्क और सहयोग के सेतु के रूप में कार्य कर रहा है।

## खेल नीति

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि उनका मंत्रालय देश में एक व्यापक खेल नीति लागू करने पर काम कर रहा है। मंत्रालय भारत को खेलों की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. मांडविया आज पटना में आयोजित समारोह में बिहार के खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही संसद में एक व्यापक खेल विधेयक लाएगी। इससे खेलों में उत्कृष्टता के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा।

डॉ. मांडविया ने कहा कि 2036 में भारत ओलंपिक की मेजबानी करेगा। उन्होंने सभी खेल महासंघों से देश में खेलों की बेहतरी के लिए एकजुट होने और मुकदमेबाजी में न फंसने की अपील की।

## शिक्षा मंत्री पौड़ी दौरा

शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पौड़ी जिले के पाबौं में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। डॉ. रावत ने पाबौ स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण और मुख्य सड़क से कॉलेज तक डामरीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने खतगेड गांव जाने वाली सड़क का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री ने पाबौं स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने व मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एक कार्यक्रम में 270 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व अन्य सहायक उपकरण वितरित किए।

## बस सेवा

उत्तराखंड परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही दिल्ली–देहरादून रूट पर 100 नई बसों का संचालन शुरू करेगा। इसके लिए निगम ने शासन को 100 नई बीएस–6 मॉडल बसों की खरीद का प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद इन बसों को दिल्ली रूट पर शामिल किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि नए नियमों के चलते दिल्ली में बीएस–3 और बीएस–4 बसों का संचालन बंद है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम, यूपी के मोहननगर और कौशांबी तक बसें संचालित करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से बातचीत जारी है।

वर्तमान में दिल्ली रूट पर निगम की करीब 300 बसें चल रही हैं, जिनमें 181 सीएनजी, 12 वॉल्वो और 103 नई बीएस–6 बसें शामिल हैं।

## वायुसेना अभ्यास

वायुसेना के बहुउद्देशीय विमान एएन–32 ने आज उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर सफलतापूर्वक लैंडिंग और टेकऑफ का अभ्यास किया। आगरा स्थित वायुसेना बेस से चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। अभ्यास के लिए वायुसेना की संचार टीम पांच दिन पहले ही चिन्यालीसौड़ पहुंच गई थी। गौरतलब है कि बुधवार को भी आगरा स्थित वायुसेना के एयर बेस से विमान एएन–32 ने चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की। यह अभ्यास पायलट प्रशिक्षण का एक हिस्सा है। उत्तरकाशी से हमारे सहयोगी ने बताया कि भारत–चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब बनी चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। भारतीय वायुसेना कई वर्षों से चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अभ्यास कर रही है।

## महिला सस्ता ग़ल्ला विक्रेता

खाद्य मंत्री रेखा आर्य ने कहा है कि राज्य की महिला सस्ता गल्ला विक्रेताओं के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें उनकी उपलब्धियों, समस्याओं और अपेक्षाओं को संज्ञान में लिया जाएगा। श्रीमती आर्य ने आज देहरादून में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों और सरकारी सस्ता गल्ला राशन डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य में सस्ता गल्ला राशन वितरित करने वाली 50 प्रतिशत दुकानों का स्वामित्व महिलाओं को देना है। इस बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राशन डीलरों के समक्ष आ रही चुनौतियों के समाधान के निर्देश दिए।

इसके अलावा आज की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य के सस्ता गल्ला राशन विक्रेताओं का 'समूह बीमा' कराने की दिशा में भी नीति को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि उनके हितों की रक्षा और अधिक मजबूती से की जा सके।

## राष्ट्रीय पशु गणना

भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विकास मंत्रालय की ओर से 21वीं अखिल भारतीय पशु गणना का कार्य शुरू हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस पशु गणना में 16 प्रजातियों के 219 देशी नस्ल के पशुओं का डेटा एकत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के साथ ही चंपावत जिले में भी यह कार्य किया जा रहा है। जिले के सहायक मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नंदन प्रसाद आगरी ने बताया कि चंपावत में 744 ग्राम सभाओं के 62 हजार 303 शहरी व ग्रामीण परिवारों के गोवंशीय व श्वान पशुओं की गणना की जा रही है।

## वनाग्नि रोकथाम हेतु प्रशिक्षण

वन विभाग ने बागेश्वर जिले के सात गांवों के स्वयंसेवी अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षित किया। इस योजना में जिले के 200 गांवों को शामिल किया गया है, जिसमें अब तक 55 गांवों के अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। एसडीआरएफ प्रभारी राजेंद्र रावत ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में सभी स्वयंसेवी अग्निशमन कर्मियों को पारंपरिक और आधुनिक तरीकों से आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।